खाटूवाले तेरी यारी रास आ गई

खाटूवाले तेरी यारी रास आ गई,
निकल रही थी जान बाबा सांस आ गई,
मैं जब जब हारा मैंने तुझको पुकारा,
डूबा था बीच समंदर तूने लाया किनारा,
तेरी वजह से जीने का अब आस आ गई,
खाटूवाले तेरी यारी रास आ गई।

दुनिया ये मुझको बाबा कुछ ख़ास नहीं लगती,
तेरे सिवा कोई और आस नहीं लगती,
तू संग है तो रंग है वरना सब बेरंग है,
तेरे नाते चलदा मेरा ये दम है,
कृपा तेरी से हर ख़ुशी मेरे पास आ गई,
खाटूवाले तेरी यारी रास आ गई।

मैनु आदत पै गई तेरी मेरे सांवरे इस तरह,
मछली नू पाणी दी लोड है जिस तरह,
तू है धड़कन तू ही सांस तू ही मंज़िल तू ही राह,
चरणों में सदा बाबा देना तू पनाह,
रेहमत तेरी ये मोनू शर्मा के पास आ गई,
खाटूवाले तेरी यारी रास आ गई।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25127/title/khatuwale-teri-yaari-raas-aa-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |